CMYK
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 5:16 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 7:00 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 159 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 16 दिसंबर 2024



गेम चेंजर की विदेश में शुरू हुई...पेज-3 पर

News कॉर्नर

## जाकिर हुसैन के निधन पर दुनिया में शोक की लहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उस्ताद अल्ला रक्खा खां के पुत्र पद्म विभूषण उस्ताद जाकिर हुसैन का सोमवार सुबह अमेरिका में निधन हो गया। उन्हें रविवार रात अमेरिका के एक अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। उन्हें रक्तचाप की समस्या थी। परिवार का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रॉस्पेक्ट पीआर के जॉन ब्लेचर ने इसकी पुष्टि की। मौसिकी की दुनिया में जिनके तबले की थाप एक अलहदा पहचान रखती है, वो उस्ताद जाकिर हुसैन नहीं रहे। प्रसिद्ध तबला वादक के परिवार ने सोमवार को यह जानकारी दी। हुसैन के निधन के बारे में जानकारी मिलते ही मशहूर हस्तियों ने सोशल मीडिया पर शोक व्यक्त किया।

## अपर सचिव पुनर्गठन विभाग तीन दिवसीय भ्रमण पर

**रुद्रपुर।** प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु जोशी ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के क्रम में अपर सचिव, पुनर्गठन विभाग, उत्तराखण्ड शासन ओमकार सिंह तीन दिन के जनपद के विकास खंड गदरपुर तथा सितारगंज में भ्रमण पर आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि अपर सचिव अपने निर्धारित कार्यक्रमानुसार 16 दिसंबर को अपराह्न 02:30 से 4:15 तक विकास खण्ड गदरपुर के सभागार में विभिन्न विभागों की बैठक लेंगे। इसके बाद अपर सचिव की अध्यक्षता में 17 दिसंबर 2024 को पूर्वाह्न 8:30 से 10-30 बजे तक विकास खण्ड गदरपुर की ग्राम पंचायत पिपलिया में ग्रामीणों की समस्या सुनने हेतु खुली सभा का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 1:30 बजे से 4 बजे तक विकास खण्ड सितारगंज के सभागार में विभिन्न विकास विभागों की बैठक लेंगे। अपर सचिव की अध्यक्षता में 18 को 9 बजे से 11 बजे तक विकास खण्ड सितारगंज की ग्राम पंचायत सिसौना में ग्रामीणों की समस्या सुनने हेतु खुली सभा का आयोजन किया जाएगा।

# प्रदेश में दो दिन बिगड़ेगा मौसम, कोहरे और शीतलहर का अलर्ट

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

अगले दो दिन यानी आज और कल 17 दिसंबर को कोहरा छाने की आशंका है। इसके बाद शीतलहर लोगों को परेशान करेगी। उत्तराखंड में बर्फबारी के बाद भले ही मौसम साफ हो गया है। दिन में चटक धूप खिलने से सर्दी का अहसास कम हो रहा है। लेकिन रात के न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज होने से ठंड खूब परेशान कर रही है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि इस सप्ताह भी न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है, जिसके चलते रातें और भी सर्द होंगी। एक दिसंबर से



अब तक के तापमान की बात करें तो दून में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया जा रहा है। जबकि बीते चार दिन से न्यूनतम तापमान पांच डिग्री से नीचे ही रह रहा है। इसके चलते दिन के मुकाबले रात के समय अधिक ठंड हो रही है और सर्द हवाएं खूब परेशान कर रही हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो रविवार को दून का अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री इजाफे के साथ 22.3 डिग्री रहा। जबकि रात का न्यूनतम तापमान तीन डिग्री कमी के साथ 4.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

ऐसा ही हाल प्रदेश के अन्य हिस्सों का भी रहा। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार 19 दिसंबर तक प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहेगा।

मौसम विभाग के मुताबिक अगले दो दिन कोहरा छाने की आशंका है। इसके बाद शीतलहर लोगों को परेशान करेगी। 17 दिसंबर से तापमान में और कमी आएगी साथ ही शीतलहर चलने की चेतावनी भी है। इसके कारण आने वाले दिनों में ठंड अभी और परेशान करेगी। बदरीनाथ धाम में इन दिनों बर्फ नहीं है, लेकिन कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ऐसे में यहां झरने के साथ ही उर्वशी धारा भी जम गई है। पिछले कुछ समय से बदरीनाथ धाम में शीतलहर का प्रकोप बना है। यहां सुबह और शाम को हाड़कंपा देने वाली ठंड पड़ रही है। धाम में इन दिनों मास्टर प्लान के कार्य चल रहे हैं, साथ ही आईटीबीपी, पुलिस और बीकेटीसी के कर्मचारी यहां तैनात हैं। धूप खिलने पर धाम में थोड़ा ठंड से राहत मिल रही है, लेकिन शाम को बाहर खड़ा रहना भी मुश्किल हो रहा है। बदरीनाथ धाम में बहने वाली उर्वशी धारा का पानी जम गया है। रात को धाम में तापमान माइनस 11 तक पहुंच रहा है। यहां नलों के साथ नालियों का पानी भी जम रहा है।

गार्ड ऑफ़ ऑनर के साथ अतिथियों का स्वागत

# धूमधाम से मनाया गया कुमाऊं विवि में 19वां दीक्षांत समारोह

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

डीएसबी परिसर में कुमाऊं विश्वविद्यालय का 19वां दीक्षांत समारोह धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि कुलाधिपति व राज्यपाल (लेफ्टिनेंट जनरल सेनि) गुरमीत सिंह, अति विशिष्ट अतिथि सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी,विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत,डॉ. ललित मोहन तिवारी,कुलपति दीवान सिंह रावत ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गार्ड ऑफ़ ऑनर के साथ अतिथियों का स्वागत किया गया।

इस दौरान मुख्य अतिथि राज्यपाल गुरमीत सिंह ने बताया की सभी के लिए गर्व और खुशी का प्रतिक है यह दिन उन सभी विद्यार्थीयों के अथक परिश्रम निश्चित और आत्मविश्वविद्यालय का उत्सव है, जिन्होंने अपनी शिक्षा को पूर्ण कर आज इस समारोह में डिग्री प्राप्त कर रहें है। दीक्षांत समारोह केवल डिग्रीयों का वितरण नही है यह शिक्षा के प्रति यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। कुमाऊं विश्वविद्यालय केवल एक शैक्षणिक संस्थान नही है यह एक ऐसा



स्थान है जहां भविष्य का निर्माण होता है। विश्वविद्यालय आज आज अपने नवाचारों, अनुसन्धान और समाजपयोगी पहलों के कारण राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर पर पहचाना जा रहा है। कुमाऊं विश्वविद्यालय ने कई बड़ी उपलब्धियां प्राप्त किए है। भारतीय वन अनुसन्धान और शिक्षा परिषद द्वारा वन और पर्यावरण विभाग को प्लस रेटिंग मिलना कुमाऊं विश्वविद्यालय के उत्कृष्ट शैक्षणिक मानको का प्रमाण है। शिक्षा केवल करियर बनाने के लिए नहीं बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए है। व्यक्तिगत उपलब्धियों का नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र की प्रगति का भी है। अति विशिष्ट अतिथि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुवल माध्यम से कहा की किसी भी समाज व देश की उन्नति उस देश के विधार्थियो के हाथ में होती है। विद्यार्थी देश की धरोहर और भविष्य होते है, विद्यार्थी ही नए स्वप्न और उन्नति के नये मार्ग तालाशता है। मानव जीवन में शिक्षक और विद्यार्थियों का रिश्ता अनोखा होता है। शिक्षक केवल शिक्षा प्रदान करने के लिए नही बल्कि परिवर्तन और प्रकाश की एक आदर्श शक्ति के रूप में कार्य करते है।

.....कुमाऊं विवि ज्ञान व नवाचार... पेज 3 पर

# बीएलएम एकेडमी के पूर्व छात्र अंकित बने भारतीय सेना में अफसर

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

बीएलएम एकेडमी के पूर्व छात्र अंकित सिंह भारतीय सेना के अफसर बनकर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने हाल ही में देहरादून में प्रतिष्ठित आईएमए पासिंग आउट परेड में जेंटलमैन कैडेट के रूप में भाग लिया।

स्कूल प्रबंधन का कहना है कि यह अविश्वसनीय उपलब्धि न केवल अंकित के समर्पण और दृढ़ता का प्रमाण है, बल्कि उनके शिक्षकों और पूरे बीएलएम परिवार के अटूट समर्थन का भी प्रमाण है, जिन्होंने उसकी यात्रा को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

कहा कि हम इस उत्कृष्ट उपलब्धि केलिए अंकित, उनके परिवार और हमारे शिक्षकों को हार्दिक बधाई देते हैं। अंकित की सफलता हम सभी के लिए बेहद गर्व और प्रेरणा का स्त्रोत है। हम उनके भविष्य के प्रयासों में निरंतर सफलता की कामना करते हैं और राष्ट्र की सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को सलाम करते हैं।



कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल (उत्तराखण्ड)
प्रो. दीवान एस. रावत
कुलपति, कुमाऊँ विश्वविद्यालय एवं
कार्य परिषद् व विद्या परिषद् के सदस्यगण, कुमाऊँ विश्वविद्यालय के
उन्नीसवें दीक्षान्त समारोह
के अवसर पर दिनांक 16 दिसम्बर, 2024, सोमवार को पूर्वाह्न 10:30 बजे
डी.एस.बी. परिसर, नैनीताल के ए.एन. सिंह सभागार में
आपको सादर आमंत्रित करते हैं।
ले. ज. गुरमीत सिंह
पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, वीएसएम (से.नि.)
माननीय राज्यपाल, उत्तराखण्ड
व कुलाधिपति, कुमाऊँ विश्वविद्यालय
समारोह के मुख्य अतिथि होंगे एवं दीक्षांत भाषण देंगे।
श्री पुष्कर सिंह धामी
माननीय मुख्य मंत्री, उत्तराखण्ड सरकार
समारोह के अति विशिष्ट अतिथि होंगे।
डॉ. धन सिंह रावत
माननीय उच्च शिक्षा मंत्री, उत्तराखण्ड सरकार
समारोह के विशिष्ट अतिथि होंगे।
उत्तरापेक्षी- डॉ. मंगल सिंह मंद्रवाल, कुलसचिव, कुमाऊँ विश्वविद्यालय
मो. 9412965477, फोन: 05942-235563, ई-मेल: registrar@kunainital.ac.in
पत्रांक:केन्द्र/आर0ओ0/एसपीए/2024-25/349, दिनांक 11.12.2024

# सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत, एक की हालत गंभीर

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

रुद्रपुर-हल्द्वानी मार्ग पर सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक सप्ताह के भीतर तीन बड़े सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई अन्य घायल हो चुके हैं। बीती रात ट्रांसपोर्ट नगर पुलिस चौकी क्षेत्र के बेलबाबा मंदिर के पास एक और दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें मां और बेटे की जान चली गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

लाइन नंबर 17 आजाद नगर निवासी मो. आरिफ की पत्नी शबानाख् उनका बड़ा पुत्र अब्दुल रहमान और छोटा पुत्र याजान रविवार को मुरादाबाद शादी में गए थे। शादी समारोह के दौरान ही अब्दुल रहमान को नया बाजार की दुकानों में आग लगने की सूचना



मिली। अब्दुल रहमान की मशीन की दुकान भी वहीं पर गली में है, जहां पर बीती रात आग लगी थी। आग लगने की सूचना मिलने पर वह बेचैन हो गया तो उसने अपने पिता को फोन पर घटना के बारे में बताया जिस पर मो. आरिफ ने सबकुछ ठीक होने क बात कही और उसे रात में हल्द्वानी न आने की सलाह दी। लेकिन रहमान नहीं माना और रात में ही कार संख्या यूके07 डीएक्स- 6455 से मां शबाना और छोटे भाई याजान को लेकर हल्द्वानी के लिए रवाना हो गया।

जब वह बेलबाबा मंदिर के पास पहुंचे ही तभी बीच सड़क पर आए जानवर को बचाने के प्रयास में कार का संतुलन बिगड़ गया और वह पेड़ से जा टकराई जिसमें शबाना और याजान की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अब्दुल रहमान गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया गया है। हादसे की जानकीर मिलते ही परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।



मृतक की फाइल फोटो

# कुमाऊंनी बैठकी होली गायन का शुभारंभ

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा में रविवार को पौष माह के पहले इतवार को कुमाऊंनी संस्कृति के अनुसार बैठकी होली गायन का शुभारंभ किया गया।

इससे पूर्व श्री राम सेवक सभा में स्थित मंदिर में पद्मश्री अनूप साह तथा वरिष्ठ रंगकर्मी जहूर आलम ने दीप प्रज्वलित कर बैठकी होली का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर पद्मश्री अनूप साह ने कहा कि हमारी परंपरा हमारा गौरव है,कहा कि होली गायन का अपना अलग ही महत्व है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सभा के वरिष्ठ सदस्य प्रो. ललित तिवारी ने बताया कि पौष मास सूर्य देव को समर्पित तथा उनका प्रिय मास है जिसमें निरोग रहने के लिए सूर्य की आराधना और भगवान को रोट भेंट चढ़ाने की परम्परा है। पौष मास के पहले इतवार से निर्वाण की होली गायन की परंपरा है जो बसंत पंचमी शिवरात्रि तक चलेगी। निर्वाण होली भगवान की स्तुति तथा भक्ति परख के साथ दर्शन व रहस्य अध्यात्म और धार्मिक भाव से भरी होती है। इस मौके पर सभा के पूर्व अध्यक्ष मुकेश जोशी ने बताया कि यह होली ईश्वर को समर्पित होती है जिसका आगाज पौष माह के पहले रविवार से शुरू हो जाता है। कहा की होली के माध्यम से अपनी सांस्कृतिक को बढ़ावा दिया जाता है। वरिष्ठ रंगकर्मी जहूर आलम ने कहा कि श्री राम सेवक सभा में पौष मास से होली गायन का शुभारंभ होता है। विगत कई वर्षों से यह आयोजन होता आ रहा है, इसके जरिए नई पीढ़ी भी अपनी संस्कृति से जुड़े रहती है और इन आयोजनों के माध्यम से नई पीढ़ी अपनी संस्कृति को जानती है और आगे बढ़ाती है। इस प्रकार के आयोजन अपनी संस्कृति के संरक्षण के लिए काफ ी आवश्यक हैं। होली गायन का शुभारंभ नरेश चमियाल ने माई के मंदिरवा दीपक वारुं--- से किया, इसके बाद सतीश पांडे ने शिव सुमिरन शिव जाना सोई सर्वज्ञ समाना----, विरेंद्र सिंह ने माई तोरे द्वार धूम मची रे... होली गायी। इसके साथ ही अन्य होलियारों ने मय्या के मंदिर में दीपक जलाऊंगी----, भाव भंजन गुन गऊ अपने श्याम को रिझाऊं----, न गंगा नहाऊं न जमुना नहांऊ----, आज बाजी री मुरलिया जमुना किनारे----, जतन बिराजे बिराजत रंग-----, शिव की जटा से निकली गंगा भवसागर में समाई----, झूमक आए मोहन गिरधारी श्याम सुंदरवावा मोहन मतवारे आदि होली की प्रस्तुति दी गई।



इससे पूर्व सभा के अध्यक्ष मनोज लाल साह तथा महासचिव जगदीश चंद्र बवाडी ने सभी का सभा परिवार से स्वागत किया गया। दोनों ने होली के महत्व पर चर्चा की। इस मौके पर राजा साह, रक्षित साह,मिथिलेश पांडे, रुद्रांश,मुकुल जोशी, नरेश चमियाल, बृज मोहन जोशी, देवेंद्र लाल साह, विमल चौधरी, गिरीश चंद्र जोशी, राहुल, सतीश भट्ट तथा विमल साह,रक्षित साह, अतुल साह आदि मौजूद रहे। संचालन प्रो.ललित तिवारी ने किया।

## NEWS / फटाफट

### के. एल. आर्य ने पार्टी हाईकमान से की टिकट की गुजारिश



**नैनीताल।** नैनीताल नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष की सीट अनुसूचित जाति की आने की घोषणा होने पर वरिष्ठ उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी, सामाजिक कार्यकर्ता तथा भाजपा कार्यकर्ता के. एल. आर्य ने भाजपा हाईकमान से उनको टिकट देने की गुजारिश की है। प्रेस को जारी बयान में आर्य ने कहा कि अपने पूर्व के अनुभवों के आधार पर उन्होंने नैनीताल शहर की जनता के बिजली तथा पानी के बढ़े हुए बिलों के निराकरण, शहर में पर्यटन को बढ़ावा दिए जाने, निर्बल व कमजोर लोगों की आवासीय समस्या के निराकरण कराये जाने तथा अन्य छोटी बड़ी कई अन्य समस्याओं के निराकरण कराए हैं। कहा कि भाजपा को शहर नैनीताल में मजबूत बनाये जाने को लेकर उन्होंने कोई कोर कसर बांकी नहीं छोड़ी है। आर्य के मुताबिक उन्होंने अध्यक्ष पद पर भाजपा हाईकमान से टिकट की दावेदारी के लिए पूर्व में आवेदन किया गया है,उन्होंने वरिष्ठता के आधार पर उन्हें टिकट देने की गुजारिश पार्टी हाईकमान से की है।

### छात्रा हर्षिता भट्ट को मिलेगा कुलपति स्वर्ण पदक



**नैनीताल।** कुमाऊं विश्व विद्यालय के दीक्षांत समारोह में वासुदेव कॉलेज ऑफ लॉ की एल. एल. एम. की छात्रा हर्षिता भट्ट को कुलपति स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा । उन्होंने एल एल एम में 90.24 सी जी पी ए अंक प्राप्त कर विश्व विद्यालय में श्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की है । रविवार को दीक्षांत समारोह की पूर्व संध्या पर विश्व विद्यालय द्वारा आयोजित रिहर्सल में भाग लेने पहुंची हर्षिता भट्ट ने अपनी इस कामयाबी का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया । नबाबी रोड हल्द्वानी निवासी हर्षिता भट्ट के पिता चन्द्र शेखर भट्ट ज्योतिषाचार्य हैं ।

### हरीनगर वार्ड से बहन साक्षी के लिए भाजपा से मांगा टिकट



**नैनीताल।** हरीनगर वार्ड में सभासद सीट महिला आरक्षित होने पर रितुल कुमार महामंत्री भाजयुमो की बहन साक्षी ने भारतीय जनता पार्टी से पेस की दावेदारी भारतीय जनता पार्टी की कार्यप्रणाली से प्रभावित होने पर भारतीय जनता पार्टी से टिकट मांगा है। उनका कहना है कि भाजपा ने हरीनगर वार्ड में सबसे ज्यादा कार्य किए हैं जैसे बाल्दियानाला ट्रीटमेंट , वाल्मीकि मंदिर का सौंदर्यकरण, हरीनगर वासियों को पुनः अपने घर पर विस्थापित , प्राथमिक विद्यालय के निकट 200 गाड़ियों की कार पार्किंग , लकड़ीताल के लोगो को समर्थन, ऐसे अनेकों छोटे बड़े काम भारतीय जनता पार्टी को हरीनगर वार्ड से इतिहास रचाने के लिए काफी है।

### वार्ड 7 से एलडी पालीवाल ने की दावेदारी



**नैनीताल।** नगर निकाय चुनाव के लिए अधिसूचना जारी होने के बाद फ़िर से राजनीति गरमा गई है वही भवाली के दुगई स्टेट वार्ड 7 से सभासद पद के लिए एलडी पालीवाल ने अपनी प्रबल दावेदारी पेश की है। पालीवाल ने कहा कि वह लंबे समय तक सामाजिक कार्यों से जुड़े रहे हैं हमेशा सामाजिक मुद्दों को उठाते आये हैं व उनका समाधान भी करा है सभासद के रूप में कार्य कर क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करने का पूर्ण प्रयास करेंगे। क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए सभासद के रूप में कार्य कर क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करने का पूर्ण प्रयास करेंगे ।

# जनजागरूकता का कलेंडर तैयार करेगा साथी संगठन

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

साथी संगठन हल्द्वानी ने जनजागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत वार्षिक कलेंडर तैयार करने का निर्णय किया है। नैनीताल रोड स्थित झंडा पार्क में संगठन के अध्यक्ष आनंद सिंह भाकुनी की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रस्ताव पारित किए गए। वर्ष 2025 के कार्यक्रमों का वार्षिक कैलेंडर तैयार करने के लिए सभी सदस्यों से सुझाव लिये जायेंगे। सदस्य वार्षिक कैलेंडर की रूपरेखा तैयार कर महामंत्री को भेजेंगे। तीन जनवरी को गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश उत्सव पर संगठन शोभायात्रा में अपनी सहभागिता करेगा। 14 जनवरी को मकर संक्रांति के कार्यक्रम में भी झांकी के रूप में अपने उपस्थिति दर्ज कराएगा। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में किसी विद्यालय में जाकर बच्चों के साथ झंडारोहण में भाग लेगा। बैठक में अध्यक्ष आनंद सिंह भाकुनी, संरक्षक लीलाधर पांडे, महासचिव लक्ष्मण सिंह गौनिया, कैशियर जगदीश सिंह खोलिया, उपाध्यक्ष डीडी शर्मा, सलाहकार एवं कोऑर्डिनेटर आरपी सिंह, संगठन एवं मीडिया प्रभारी राजेंद्र सिंह बोरा, कार्यकारिणी के मेंबर भगवत सिंह राणा, मोहन सिंह मेहरा, सुरेंद्र सिंह बिष्ट, वीरेंद्र सिंह भाकुनी एवं सचिव आनंद सिंह रावत ने भाग लिया।

# नियमितीकरण को 163वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण कट ऑफ डेट 2024 नियमावली जारी करने को लेकर पर्यावरण संरक्षण के तहत किया जा रहा अनूठा पौधरोपण आंदोलन रविवार को 163वें दिन भी जारी रहा।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ के कर्मचारियों ने पलेटा स्थित धूसाखान शिव मंदिर परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया। पूर्व में लगाए गए पौधों की देखभाल भी की। उन्होंने कहा कि जब तक वार्ता के माध्यम से समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता निगम के कर्मचारी प्रकृति का संरक्षण करते रहेंगे। गुरु रानी ने कहा कि 3 जुलाई से चले इस अनूठे पौधारोपण आंदोलन में अब तक 32000 से ज्यादा पौधों का रोपण किया जा चुका है जो कि राज्य में किसी भी संगठन द्वारा किए गए पौधारोपण का रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा कि समूचे कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के कर्मचारी राज्य हित और निगम हित में अपने दैनिक कार्य कर रहे हैं वहीं सरकार का ध्यान आकृष्ट करने के लिए अपने कार्यों के साथ पौधारोपण का कार्य भी कर रहे हैं। शासन प्रशासन द्वारा गांधीवादी तरीके से आंदोलन का संज्ञान न लेना यह दर्शाता है की सरकार समस्याओं के समाधान के लिए संवेदनशील नहीं है। कार्यक्रम में हर सिंह, शेर सिंह, गोपाल, दीपक, नरेंद्र थापा तथा नरेंद्र सिंह सहित निगम कर्मी उपस्थित रहे।




## 13.20 स्मैक समेत तस्कर गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** काठगोदाम थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 13.20 ग्राम स्मैक बरामद की है और एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी सावेज पुत्र मेहबूब निवासी देवलातल्ला पजाया बागजाला गोलापार थाना काठगोदाम जिला नैनीताल को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के पास से स्मैक बरामद की गई है और उसे एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी पहले भी स्मैक तस्करी में जेल जा चुका है और वह आदतन अपराधी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार करने के दौरान मानवाधिकारों का पूरा पालन किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### पुलिस के हत्थे चढ़ा सटोरिया

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है और सट्टा पर्ची और 1190 रुपये नगद बरामद किए हैं। आरोपी के खिलाफ सुबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी रिजवान पुत्र शाहीद हुसैन निवासी इन्द्रानगर निशात स्कूल के पास थाना बनभूलपुरा जनपद नैनीताल को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के पास से सट्टा पर्ची और 1190 रुपये नगद बरामद किए गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी को धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### 52 पव्वे शराब समेत एक गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 52 पाव शराब बरामद की है और एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी राजकुमार गुप्ता उर्फ राजू निवासी सतीश कालोनी मुखानी थाना- हल्द्वानी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के पास से 52 पाव शराब बरामद की गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी को धारा 60 एक्साइज एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### मांग: हल्द्वानी सीट से मुस्लिम प्रत्याशी को टिकट मिले



**हल्द्वानी।** निकाय चुनावों की अधिसूचना मे हल्द्वानी महापौर सीट को ओबीसी घोषित किया जाना बहुजन समाज के लिए शुभ समाचार है, भीम आर्मी, मूलनिवासी संघ द्वारा उत्तराखंड सरकार को ज्ञापन भेजकर एस सी, एस टी, और ओबीसी के लिए हल्द्वानी महापौर सीट को आरक्षित करने की मांग की जाती रही है, उसी का परिणाम है कि हल्द्वानी महापौर सीट को आरक्षित किया गया है, उत्तराखण्ड की राजधानी देहरादून के बाद हल्द्वानी प्रमुख शहरों मे दुसरे नंबर पर आता है, इतिहास मे पहली बार हल्द्वानी महापौर सीट को आरक्षित किया गया है। भीम आर्मी ज़िला नैनीताल इकाई अध्यक्ष नफीस अहमद खान ने भी आसपा अध्यक्ष चंद्रशेखर को पत्र लिखकर मांग की है कि आज़ाद समाज पार्टी भी हल्द्वानी सीट से मुस्लिम प्रत्याशी को टिकट दे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# विश्वकुलम ग्लोबल पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव मनाया

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिले के भीमताल ब्लाक मुख्यालय स्थित विश्वकुलम ग्लोबल पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने विविध रंगों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।

समारोह के मुख्य अतिथि भवाली नगर पालिका परिषद के पूर्व पालिकाध्यक्ष संजय वर्मा थे। वर्मा ने कहा कि इसमें दोराय नहीं कि बच्चों का भविष्य संवारने में विश्वकुलम ग्लोबल पब्लिक स्कूल अद्वितीय भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों की बेसिक शिक्षा की नींव का मजबूत होना बेहद जरूरी है। इस दिशा में यह विद्यालय गंभीरता के साथ अपना दायित्व निभा रहा है। इस स्कूल से शिक्षा प्राप्त कर कई बच्चे देश के कई प्रतिष्ठित स्कूलों में प्रवेश पा चुके है। इस विद्यालय को खुले कुछ ही वर्ष होने के बावजूद शिक्षा के श्रेत्र में अपनी मजबूत पकड़ बनाने में कामयाब हुआ है। उन्होंने समारोह में बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की भूरिभूरी प्रशंसा की और विद्यालय के उज्वल भविष्य के प्रति शुभकामना व्यक्त की। इससे पूर्व विद्यालय प्रांगण में समारोह का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ। तत्पश्चात रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति में विद्यार्थियों ने खूब रंग जमाया। कुमाऊंनी लोक गीत व नृत्य की धूम रही तो गढ़वाली गीतों ने दर्शकों को झूमने के लिए मजबूर किया। इस बीच अंग्रेजी गीत व संगीत के साथ बच्चों ने दर्शकों का मनोरंजन किया। समारोह में धार्मिक गीत व भजन व जागर ने देवभूमि की संस्कृति से रुबरू करवाया। इसके बाद देशभक्ति कार्यक्रम में देश के प्रति समर्पण का संदेश दिया और शहीदों की कुर्बानी का मार्मिक दृश्य प्रस्तुत कर दर्शकों की वाहवाही लूटी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वर्मा ने वर्षभर अब्बल प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक दिनेश चंद्र पांडे ने अतिथियों का आभार प्रकट कर विद्यालय की प्रगति व भावी योजनाओं में प्रकाश डाला,जबकि सह प्रधानाचार्य तनुजा जोशी ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर उप महाधिवक्ता एस पुंडीर, जिला प्रचारक राहुल शर्मा, कोरियोग्राफ र मनोज आर्या, ममता व लावण्या, चंदन फ र्त्याल, कमला रौतेला, उमेश व वर्षा समेत अभिभावक मौजूद थे। संचालन भावना सनवाल व मानसी बिष्ट ने किया।



# अभिमत

## देर से सही कार्रवाई

***शहर और कस्बों के मोहल्लों में छोटे से घर में गोवंश रखने की जगह नहीं है। बहुत से लोग गोवंश पालते हैं, सुबह व शाम को दूध निकालकर गोवंश को सड़क पर छोड़ देते हैं। सड़क पर छोड़े गये पालतू पशु किसी डेयरी को सौंपे जा सकते हैं, जिससे उनका सदुपयोग होगा। डेयरी वाले गोवंशीय पशु की देखभाल के साथ अच्छा आहार देकर अधिक से अधिक दूध प्राप्त करेंगे। दुधारू पशु के अलावा लावारिस घूमने वाले पशुओं को सरकारी तथा सहकारी समितियों के तहत गोशाला में भेजकर व्यावसायिक उपयोग किया जा सकता है। धार्मिक अनुष्ठानों में गोवंशीय पशुओं की आवश्यकता पड़ती है। आर्थिक दृष्टि से संपन्न वर्ग के आस्थावान लोग गोशाला को दान देने में भी संकोच नहीं करते हैं।***

सड़कों पर छुट्टा गोवंशीय पशु गंभीर समस्या का रूप ले चुके हैं। पशुओं से टकराकर वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। गोवंशीय पशुओं के कारण हुई सड़क दुर्घटनाओं में कई लोगों की जान जा चुकी है। मंत्री, सांसद, विधायक तथा प्रशासन के उच्चाधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है। प्रशासन ने गोवंशीय पशुओं को पकड़कर गोशाला में भेजने का आश्वासन दिया। पालतू और लावारिस पशुओं को चिह्नित करने के लिए पशुपालन विभाग द्वारा पशुपालकों से अपने पशुओं के कान में टैग लगवाने को कहा गया। नैनीताल नगर पालिका ने पालतू गोवंश को सड़क पर छोड़ने वालों के खिलाफ राज्य में शायद पहली कार्रवाई की है। इसे देर से उठाया गया, सही कदम कहा जा सकता है और सभी निकायों को इसका अनुसरण करना चाहिए। माल रोड पर कान में टैग लगा गोवंशीय पशु घूम रहा था। नगर पालिका ने पशु को पकड़कर टैग के माध्यम से पशुपालन विभाग से उसके स्वामी का पता लगाया और उत्तराखंड गोवंश संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। शहर और कस्बों के मोहल्लों में छोटे से घर में गोवंश रखने की जगह नहीं है। बहुत से लोग गोवंश पालते हैं, सुबह व शाम को दूध निकालकर गोवंश को सड़क पर छोड़ देते हैं। सड़क पर छोड़े गये पालतू पशु किसी डेयरी को सौंपे जा सकते हैं, जिससे उनका सदुपयोग होगा। डेयरी वाले गोवंशीय पशु की देखभाल के साथ अच्छा आहार देकर अधिक से अधिक दूध प्राप्त करेंगे। दुधारू पशु के अलावा लावारिस घूमने वाले पशुओं को सरकारी तथा सहकारी समितियों के तहत गोशाला में भेजकर व्यावसायिक उपयोग किया जा सकता है। धार्मिक अनुष्ठानों में गोवंशीय पशुओं की आवश्यकता पड़ती है। आर्थिक दृष्टि से संपन्न वर्ग के आस्थावान लोग गोशाला को दान देने में भी संकोच नहीं करते हैं। गोशालाओं के प्रबंधन में खामियां होने के मामले प्रकाश में आते हैं। प्रशासन को प्रबंधन के संचालन पर ध्यान देना होगा। सरकार को हर शहर और कस्बे में नई गोशाला खोलने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। उत्तराखंड में वन विभाग की भूमि पर माफिया कब्जा कर रहे हैं। सरकार को वन विभाग की भूमि में गोशाला खोलनी चाहिए। श्वेत क्रांति के तहत दूध का उत्पादन बढ़ाने से आय के साधन और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। दूध, दही, पनीर, मक्खन, क्रीम, घी आदि बेचने वाले मदर डेयरी, आनंदा, अमूल जैसे राष्ट्रीय संस्थान हैं। ऐसे संस्थानों को गोशाला खोलने के लिए आगे आना चाहिए। भारत के हर प्रदेश में डेयरी को उद्योग के रूप में विकसित करने की संभावना है।

# कुमाऊं विवि ज्ञान व नवाचार का स्तम्भ : कुलपति

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विश्वविद्यालय के 19वें दीक्षांत समारोह के दौरान कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति दीवान सिंह रावत ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को बताया बताया कि कुमाऊं विश्वविद्यालय के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में दर्ज होने जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा विश्वविद्यालय के बजट में 67प्रतिशत को बढ़ोतरी जैसे ऐतिहासिक कदम शैक्षणिक और शोधात्मक ढांचे को मजबूत करने कि दिशा में प्रेरित करते है पिछले पांच दशकों से कुमाऊं विश्वविद्यालय ज्ञान और नवाचार का एक स्तम्भ बनकर खड़ा है जसने उच्च शिक्षा में नए मानक स्थापित किए है।

विश्वविद्यालय शिक्षा, शोध, नवाचार, कला और रंगमंच जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में असाधारण योगदान देने वाले विशिष्ट व्यक्तियों को मानद उपाधियों से सम्मानित कर रहा है। कुमाऊं विश्वविद्यालय देश का पहला संस्थान बना जिसने परीक्षा सामग्री को गोपनीय छपाई के लिए एक पारदर्शि और वित्तीय रूप से मिव्ययी ओपन टेंडर प्रकिया को लागू किया है। विश्वविद्यालय व महाविद्यालयों के लिए ई बुक्स प्रदान कराई है। पहली बार विश्वविद्यालय ने नेशनल ई रैंकिंग फ्रेमवर्क में प्रतिष्ठत 51-100श्रेणी में स्थान प्राप्त किया। फार्मेसी




विभाग ने राष्ट्रीय स्तर पर 62वां स्थान हासिल हुआ।

सीएम धामी ने कहा धार्मिक महत्व एवं पुरे राज्य में विद्यमान तीर्थ स्थलों सहित असंख्य हिन्दू मंदिरो की स्थली इस देवभूमि का कुमाऊं अंचल अपने प्राकृतिक सौंदर्य और आध्यात्मिक महत्व के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है। कहा कि यूसीसी लागू करने वाला पहला राज्य उत्तराखंड है। दंगा विरोधी क़ानून, नकल विरोधी क़ानून, धर्मान्तरण विरोधी क़ानून के लागू होने से राज्य विकास, उन्नति एवं संभाव के पथ पर अग्रसर है। जमरानी बांध, सौंग बांध के निर्माण से उत्तराखंड में पानी की समस्या का समाधान होगा। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को उन्नत करने के लिए हम स्टे, पाली हॉउस जैसी उदमिता को राज्य में आरम्भ किया गया है। एप्पल मिशन, कीवी मिशन इन योजनाओं से उत्तराखंड राज्य ने महिलाओं के लिए तीस प्रतिशत क्षेतिज आरक्षण की पहल कर महिला सशक्तिकरण की पहल की है।

विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने बताया कि विश्व भर में इंडोलॉजी के रूप में भारतीयता और भारत राष्ट्र पाठ्यक्रम के स्तर पर उच्च शिक्षा में पढ़ाया जाता है। जर्मनी से आरम्भ हुआ इंडोलॉजी विषय अब विश्व के अन्य पश्चिमी देशों के विश्वविद्यालयलों के अकादमी अनुशासन का अंग बन चूका है। कहा कि ऐसी शिक्षा व्यवस्था को विकसित करना चाहते है कि मेरे देश के नौजवानों को विदेश जाना न पड़े।

इस दौरान दीक्षांत समारोह में डीलिट की मानद उपाधि के लिए डॉ. ललित मोहन तिवारी को मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, कुलपति द्वारा प्रश्नसित पत्र देकर सम्मानित किया गया। वही 89 छात्र-छात्राओं को पदक और 19 हजार 750 विद्यार्थियों को उपाधि दी गई। पदक प्राप्त करने आले 89 छात्र-छात्राओं में से 65 यानी 73 प्रतिशत छात्राएं रही।

### छात्र नेताओं ने काला फीता बांध किया विरोध

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय मे आयोजित 19वें दीक्षांत समारोह में छात्र नेताओं ने तल्लीताल डांठ पर काला फीता बांधकर नारेबाजी के साथ विरोध प्रदर्शित किया। छात्र नेताओं ने छात्र संघ चुनाव नही होने के लेकर शिक्षा मंत्री के खिलाफ जमकर नारे बाज़ी की। इस दौरान आशीष कबढ़वाल,अभिषेक कुमार, शार्दुल नेगी, करना सती, अभिषेक कुमार,प्रशांत मेहरा, आयुष सिंह, हर्षित चंद्रा, हर्षित जोशी, ओम नेगी, आयुष आर्य समेत अन्य छात्र नेता रहे।

इस दौरान डीआईजी योगेंद्र रावत, कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत,डीएम वंदना सिंह,विधायक सरिता आर्य,एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा, तहसीलदार मनीषा मारकाना, सीओ प्रमोद साह, कुल सचिव मंगल सिंह मंन्द्रावाल, परिसर निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा, डॉ. महेंद्र राणा,केके पांडे, प्रो. चंद्रकला रावत, प्रो.अतुल जोशी ,पूर्व सांसद डॉ. महेंद्र सिंह पाल, डॉ गिरीश रंजन तिवारी, अल्मोड़ा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सतपाल बिष्ट समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### डॉ0 अंचलेश कुमार को मिली समाजशास्त्र में डी-लिट उपाधि

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के



19वें दीक्षांत समारोह मे डॉ0 अंचलेश कुमार को समाजशास्त्र विषय में डी-लिट की उपाधि मिली है। इन्होंने अपना शोन्ध इम्पैक्ट ऑफ ग्लोबलाइजेशन ऑन फैमिली ए सौरयोलोजिकल स्टडी ऑफ थारू ड्राइब ऑफ खटीमा तहसील इन ऊधम सिंह नगर डिस्ट्रिक्ट विषय पर पूर्ण किया है। अभी तक 30 से अधिक शोध-पत्र व पुस्तक अध्याय प्रकाशित हुए हैं। इनके निर्देशन में चार शोधार्थियों ने पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। इन्होंने भारत सरकार द्वारा की आयोजित दो वृद्द शोध परियोजनाओं को पूर्ण किया है। 50 से अधिक राष्टीय व अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों में शोन्य-पत्र प्रस्तुत किये गये हैं। डॉ. कुमार के द्वारा 03 राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन व 04 पुस्तकें प्रकाशित किये गये हैं।















## फिल्मी दुनिया

# गेम चेंजर की विदेश में शुरू हुई एडवांस बुकिंग



*पैन इंडिया स्टार राम चरण की आगामी बहुप्रतीक्षित भारतीय राजनीतिक ड्रामा फिल्म को लेकर विदेश प्रशंसकों के लिए खशखबरी है। गेम चेंजर की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। साउथ अभिनेता राम चरण ने रविवार शाम को एक्स पर फिल्म गेम चेंजर को लेकर एक बहुप्रतीक्षित घोषणा की है, जिससे उनके विदेशी प्रशंसक बेहद खुश हो गए हैं। फिल्म गेम चेंजर की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। राम चरण और कियारा अडवाणी की बहुप्रतीक्षित अखिल भारतीय राजनीतिक ड्रामा फिल्म गेम चेंजर 10 जनवरी, 2025 को संक्रांति के अवसर पर रिलीज के लिए तैयार है। लेकिन उससे पहले गेम चेंजर की एडवांस बुकिंग को लेकर राम चरण ने अपने एक्स और इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक जानकारी शेयर की है, जिसके अनुसार फिल्म गेम चेंजर की विदेश में एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। राम चरण और शंकर की जोड़ी ने फिल्म को लेकर प्रचार में कोई कसर नहीं छोड़ी है, जिसे देखकर लग रहा है कि फिल्म गेम चेंजर निश्चित रूप से शानदार शुरुआत करेगी। ऐसा पहली बार में जब किसी फिल्म में राम चरण के साथ कियारा आडवाणी की जोड़ी नजर आई हो। प्रशंसक दोनों की जोड़ी को पहले ही गेम चेंजर के टीजर, ट्रेलर और गानों में पसंद कर चुके हैं। अब प्रशंसकों को सिर्फ फिल्म रिलीज करा इंतजार है।*

### इंस्टाग्राम पर लिखा

*राम चरण ने इंस्टाग्राम पर लिखा, एक विशाल वैश्विक तूफान शुरू हो गया है। गेम चेंजर की विदेशी बुकिंग अब शुरू हो गई है। 10-01-2025 तक दुनिया भर के सिनेमाघरों में इसका अनुभव करें। गेम चेंजर की एडवांस बुकिंग यूके और उत्तरी अमेरिका जैसे प्रमुख विदेशी चुनिंदा सिनेमाघरों में खुली और इसे प्रशंसकों से जोरदार प्रतिक्रिया मिली। गेम चेंजर में बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी के अलावा एसजे सूर्या, अंजलि, श्रीकांत, नवीन चंद्रा, सुनील के अलावा भी कई कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस फिल्म में राम चरण एक पिता और पुत्र की दोहरी भूमिका निभाते नजर आएंगे।*

# पुलिस ने बिचौलिया को किया पिथौरागढ़ से गिरफ्तार, जेल भेजा

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

**कार्रवाई**

- **आरोपी दूल्हा 13 दिसंबर को जेल भेजा जा चुका है**
- **धर्म छिपा कर की थी शादी हिंदू युवती से**

धर्म छिपा कर हिंदू युवती की शादी कराने वाले बिचौलिया को पुलिस ने पिथौरागढ़ से गिरफ्तार कर उसे कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। आरोपी दूल्हा को पहले ही जेल भेज दिया है।

पुलिस विवाह कार्यक्रम में शामिल हुए लोगों की पहचान कर रही है। जल्दी ही वह लोग भी सलाखों के पीछे जाएंगे। बता दें कि रुद्रपुर की घास मंडी निवासी एक युवक ने अपनी बहन की शादी दिल्ली निवासी अमन चौधरी के साथ 10 दिसंबर 24 को की थी। शादी भी हिन्दू रीति रिवाज के साथ हुई। 12 दिसंबर को युवती की ससुराल गये तो वहां पर नजारा देख लड़की पक्ष के होश उड़ गए। लड़की के भाई ने रुद्रपुर आकर पुलिस को पूरी घटना से अवगत कराते हुए कार्रवाई की मांग की। ससुराल वालों पर धर्म छिपा शादी करने व धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया। लड़की पक्ष ने बिचौलिया संतोष प्रसाद पुत्र रमेश राम निवासी जक पुरान थाना पिथौरागढ व दूल्हा अमन चौधरी उर्फ अमन कुरैशी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कराया। पुलिस ने दूल्हा अमन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि चौकी प्रभारी आदर्श कालोनी होशियार सिंह के नेतृत्व में पुलिस शादी कराने वाले बिचौलिया संतोष प्रसाद को गिरफ्तार करने के लिए पिथौरागढ़ गई। पुलिस संतोष को गिरफ्तार कर आज कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस अभी उन लोगों की पहचान कर रही जो शादी में हिंदू बनकर आए थे। पुलिस उन्हें जल्दी ही सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

# नैनीताल बैंक व सेंचुरी पल्प एंड पेपर मिल्स ने कराया पागल जिमखाना कार्यक्रम





**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

लेक सिटी वेलफेयर क्लब की ओर से रविवार को नगर के ऐतिहासिक डीएसए मैदान में नैनीताल बैंक और सेंचुरी पल्प एंड पेपर मिल्स लालकुंआ की ओर से पागल जिमखाना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कई वर्षो से बाद नैनीताल में हो रहे मनोरंजन से भरपूर इस कार्यक्रम को दर्शकों ने काफी सराहा। कार्यक्रम के दौरान चम्मच रेस, सुई धागा रेस, स्कूटी रेस, पति पत्नी रेस, धुन पहचानो रेस, म्यूजिकल चेयर रेस तथा बोरा रेस आदि कई मनोरंजन से भरपूर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, साथ ही कुछ बच्चों और बड़ों ने पागल बनकर भी लोगों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में अतिथियों क्रमश: लालकुंआ के विधायक डा.मोहन सिंह बिष्ट व नैनीताल की विधायक सरिता आर्या ने कहा कि नैनीताल में कई वर्षों के बाद पागल जिमखाना का आयोजन हो रहा है जो कि काफी अच्छी पहल है, आयोजन के जरिए लोगों में मेल मिलाप बढ़ता है और इन आयोजनों आपसी सौहार्द की भावना विकसित होती है तथा लोगो को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करना का मौका मिलता है साथ ही मनोरंजन भी होता है। इस तरह के आयोजन होते रहने चाहिए। इस दौरान लेक सिटी वेलफेयर क्लब की अध्यक्ष ज्योति ढौडियाल, महासचिव दीपा पांडे समेत मुख्य संयोजक मीनाक्षी कीर्ति, रानी साह, विनीता पांडे, जीवंती भट्ट, रमा भट्ट, कविता त्रिपाठी, सीमा सेठ, गीता साह, दीपिका बिनवाल, आभा साह, हेमा भट्ट, जय वर्मा, पंकज बर्गली, खजान सिंह डंगवाल, आशीष बजाज, हरीश जोशी, शैलेंद्र चौधरी, संतोष साह, प्रियांशु, युवराज, डीएसए महासचिव अनिल गढिया, प्रो. गिरीश रंजन तिवारी, रजत कुमार, मुकेश जोशी,शुभांगी पंत, मिथिलेश पांडे, मदन मेहरा, हेमा भट्ट, रानी शाह,डा. प्रगति जैन, सीमा सेठ, प्रेमा अधिकारी, तुलसी शाह,, सरिता त्रिपाठी, डा. हिमांशु पांडे आदि शहर के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। संचालन हेमंत बिष्ट तथा मीनाक्षी कीर्ति और नवीन पांडे ने किया।

## इंद्रा पंत की पुस्तक ख्यालों के मोती का विमोचन

डीएसए मैदान में आयोजित पागल जिमखाना कार्यक्रम के दौरान नैनीताल की इंद्रा पंत की पुस्तक ख्यालों के मोती का विमोचन लालकुआं विधायक डॉ.मोहन सिंह बिष्ट ने किया। यह उनका एक गजल संग्रह है। इससे पहले भी उनकी दो पुस्तकें रफ्ता रफ्ता जिंदगी और खामोशी प्रकाशित हो चुकी हैं। इंद्रा पंत नेशनल अवॉर्ड से भी सम्मानित हो चुकी है। इंद्रा पंत राइटर के साथ ही एक अभिनेत्री भी हैं उन्होंने एक्टिंग और राइटिंग के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार भी प्राप्त किया है। इंद्रा पंत की पुत्री शुभांगी पंत एक तेलगु फि ल्म अभिनेत्री हैं और जल्द ही उनकी फिल्म रिलीज होने वाली है जिसमें दोनों मां बेटी ने साथ में काम किया है।

## News कॉर्नर

### राष्ट्रीय बॉस्केटबाल के लिए कृतिका का चयन



**भीमताल।** हरमन माइनर स्कूल की छात्रा कृतिका जोशी का राष्ट्रीय सब जूनियर बॉस्केटबाल चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है। वह उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करें गी।

कृतिका कक्षा सात की छात्रा हैं। संस्था प्रमुख शिक्षा व बाल विकास निर्देशिका डा. देवोरति बोस एवं प्रधानाचार्या महिमा भट्ट ने कृतिका की सफलता के लिए उनके माता-पिता को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व कृतिका देहरादून, हरिद्वार तथा अन्य जगह आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुकी हैं, इसी आधार पर उनका राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है।

# शॉर्ट सर्किट से पांच दुकान जलकर खाक




**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

रविवार देर शाम ताज चौराहा नया बाजार में देखते ही देखते आग लग गई। इस अग्निकांड में पांच दुकानें पूरी तरह जलकर राख हो गई। दुकानों मेंआग लगते ही बाजार में भगदड़ मच गई।

लगभग चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। सी ओ नितिन लोहानी ने बताया कि ताज चौराहा स्थित नया बाजार में करीब 7:45 बजे के आसपास सुबोध गुप्ता की लैदर अटैची की दुकान में अचानक आग लग गई। आग का धुआं उठता देख आसपास के लोगों ने पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचना दी।

लेकिन आग की भीषण लपटों ने पड़ोस के दानिश की बाबा शूज, रॉयल टच रेडीमेट गारमेंट्स, गांधी आश्रम, सरदार क्लोथ हाउस समेत पांच दुकानों को चपेट में ले लिया। फायर टीम के मौके पर पहुंचने से पहले आग ने पांचों दुकानों का सामान समेत सबकुछ राख कर दिया। अग्निशमन विभाग ने पाइप हौज से पानी मारकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन इसमें पूरे चार घंटे लग गए।

**घटना**

- **लगभग चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया**

आग बुझाने में फायर की पांच गाड़ियों का पानी लगा। एक बार आग बुझने के बाद दोबारा फिर भड़क उठी। आग बुझाने के प्रयास में दो बार भगदड़ भी मच गई। सीओ सिटी नितिन लोहनी और एफएसओ मिंदर पाल सिंह मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन को लीड किया। आग की लपटों के बीच निकले धुएं से पूरे शहर में काली धुंध छा गई। स्थानीय व्यापारियों के मुताबिक तकरीबन एक करोड़ के नुकसान आंका जा रहा है। वहीं आग लगने से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना रहा। आग बुझाने के लिए दमकल की पांच गाड़ियां मौका पर पहुंची मौके पर कोतवाल राजेश कुमार यादव साथ ही मंगल पड़ाव चौकी इंचार्ज दिनेश जोशी सहित अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। और आग पर काबू पाया।

# सीएम धामी ने शैलेंद्र की पार्टी के प्रति निष्ठाभाव, समर्पण को देख उन्हें पटका पहनाकर सम्मानित किया

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**



भारतीय जनता पार्टी के पूर्व नगर महामंत्री शैलेंद्र कोली ने पूर्व चेयरमैन नत्थूलाल गुप्ता के साथ दिल्ली उत्तराखंड सदन में पहुंचे। वहां पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया।

दिल्ली उत्तराखंड सदन में मुख्यमंत्री धामी ने शैलेंद्र कोली की पार्टी के प्रति निष्ठाभाव, समर्पण और कार्यशैली को देखते हुए उन्हें पटका पहनाकर सम्मानित कर पीठ थपथपाई। इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जिस तरह से शैलेंद्र कोली सोशल मीडिया और अनेक माध्यमों से केंद्र और उत्तराखंड सरकार की उपलब्धियों को जन जन पहुंचाने का कार्य कर रहे है वह अनुकरणीय है। इसी तरह कार्यकर्ताओं को पार्टी का प्रचार प्रसार करते रहना चाहिए।जिससे पार्टी की उपलब्धियाँ निरंतर सतत प्रक्रिया में जन जन तक पहुंच सके।कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत की बदौलत ही आज पार्टी विश्व की नंबर वन पार्टी बनी है इसीलिए पार्टी में कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीढ़ कहा जाता है। पूर्व महामंत्री शैलेंद्र कोली ने कहा कि ऊर्जावान यशस्वी मुख्यमंत्री का स्नेह आशीर्वाद मिलकर उनके अंदर ऊर्जा का संचार हुआ है। ऊर्जा से दिन रात निरंतर मोदी सरकार और धामी सरकार का प्रचार प्रसार करेंगे। इस मौके पर उत्तराखंड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड के अध्यक्ष डॉ अनिल कपूर,भाजयुमो नेता सतीश भट्ट,भाजयुमो नेता प्रिंस गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।

# पुलिस का सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने और पिलाने वालों पर चला डंडा

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

एसएसपी मणिकांत मिश्रा के निर्देशों पर जिले में सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने पिलाने वालों के खिलाफ व्यापक स्तर पर अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने दर्जनों को शराब पीने वालों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने सभी खिलाफ 81 पुलिस एक्ट के तहत चालान की कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूला।

पुलिस ने शराब पिलाने वालों पर भी कार्रवाई की। पुलिस ने इसके अलावा शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों पर कार्रवाई करते हुए कई वाहनों को सीज किया। एसएसपी ने बताया कि यह अभियान जनपद में लगातार चलेगा। उन्होंने बताया कि सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि सार्वजनिक जगहों पर शराब पीने वालों पर कार्रवाई अमल में लाई जाए। शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर शिकंजा कसा जाए। इधर पुलिस की कार्रवाई के दौरान शराब पीने और पिलाने वालों में हड़कंप मच गया।

**कार्रवाई**

- **एसएसपी के निर्देश पर जिले भर में शराबियों के विरुद्ध चलाया गया अभियान**
- **176 से अधिक लोगों का किया गया 81 पुलिस एक्ट में चालान**



# अब्दुल कवि ने भाजपा से मेयर पद पर चुनाव लड़ने की इच्छा जताई

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी और समाजसेवी अब्दुल कवि ने भाजपा से मेयर पद पर चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है। उनका मानना है कि यदि भाजपा उन्हें मेयर पद के लिए अपना प्रत्याशी घोषित करती है तो इससे समाज में एक सकारात्मक और मजबूत संदेश जाएगा। उनकी यह टिप्पणी शहर के राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बन गई है। अब्दुल कवि ने अपनी राजनीतिक पृष्ठभूमि का भी उल्लेख करते हुए कहा कि वह पहले भी विधानसभा चुनाव और उनकी पत्नी सन 2008 में नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव लड़ चुकी है उनका कहना है कि राजनीतिक गतिविधियों और प्रशासन के विभिन्न पहलुओं में उनकी भागीदारी ने उन्हें मेयर पद के लिए एक मजबूत और सक्षम उम्मीदवार बना दिया है। अब्दुल कवि के इस बयान के बाद, भाजपा के कार्यकर्ताओं और नेताओं में चर्चा शुरू हो गई है कि क्या वे उन्हें मेयर पद के लिए उम्मीदवार बनाएंगे। यदि ऐसा होता है, तो यह भाजपा की राजनीति में एक नया मोड़ साबित हो सकता है और इससे पार्टी को विभिन्न समुदायों में अपनी पकड़ और मजबूत करने का मौका मिल सकता है।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम संजीव कुमार से बदलकर संजीव कुमार वर्मा रख लिया है। अत: भविष्य में मुझे संजीव कुमार वर्मा नाम से जाना पहचाना जाए। - **संजीव कुमार वर्मा, पुत्र श्रीराम वर्मा, गौजाजाली उत्तर, दुर्गा कालौनी, बरेली रोड, हल्द्वानी, नैनीताल (उत्तराखंड)**

# एनसीसी कैडेट व स्टाफ को कुंडलिनी जागरण से आत्म साक्षात्कार की अनुभूति कराइ

**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**



एनसीसी कैम्प रानीबाग में सहयोग ध्यान की जानकारी दी गई। जानकारी देते हुए सहजयोग उत्तराखंड के स्टेट युवाशक्ति कोऑर्डिनेटर मेजर अमर सिंह चंदेल ने बताया कि ध्यान किया नहीं जा सकता ध्यान की स्थिति में चले जाते हैं यह एक स्वत: होने वाली प्रक्रिया है।

व्यक्ति के विचार या तो भूतकाल में रहते हैं या भविष्य काल में। अत्यधिक भूतकाल या भविष्य काल के विचारों में चले जाते हैं तो शरीर में तनाव आ जाता है और हमें शारीरिक, मानसिक, और आध्यात्मिक असंतुलन आ जाता है। माताजी निर्मला देवी ने बताया की स्वयं ही निर्विचार अवस्था को प्राप्त कर जाते हैं और वर्तमान की स्थिति में आ जाते हैं।

सकारात्मक सोच के लिए सहजयोग ध्यान बहुत कारगर है। निर्मला देवी ने 5 मई 1970 से गुजरात नारगोल से सहजयोग की शुरुआत की थी , विश्व के 120 से ज्यादा देशों के लाखों लोग सहजयोग ध्यान का लाभ प्राप्त कर रहे हैं यह एक स्वत: होने वाली प्रक्रिया है जिसमें शरीर में उपस्थित तीनों नाड़ियां इड़ा, पिंगला, सुषुम्ना व सात चक्रों में कुंडलिनी जागरण से संतुलन प्राप्त करते हैं। एनसीसी कैडेट व स्टाफ को कुंडलिनी जागरण से आत्म साक्षात्कार की अनुभूति कराई गई।

इस अवसर चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र मिश्रा, केंद्र समन्वयक अर्जुन सिंह वाणी,मेजर अमर सिंह चंदेल,कॉर्डिनेटर प्रचार-प्रसार मनोज त्रिपाठी , एमएन गोस्वामी,घनश्याम बोरा, गंगा गोस्वामी , राधा बिष्ट, मीरा जोशी, नवल जोशी, राजेन्द्र बिष्ट, नैन सिंह नेगी समेत अन्य लोग मौजूद रहें।